## न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, सिरोही
## (पीठासीन अधिकारी: रिछपाल सिंह बुरड़क, आर.ए.एस.)

(1) प्रकरण संख्या: 05/2018

(2) दायरा दिनांक: 10.5.2018

**सायल**

स्टेट जरिये जिला पुलिस अधीक्षक, सिरोही

बनाम

**गैरसायल**

हीराराम पुत्र गेनाराम, जाति- मेघवाल, निवासी- दक्षिण मेघवाल वास, सिरोही, पुलिस थाना सिरोही, जिला- सिरोही

**''इस्तगासा अर्न्तगत धारा 3 राजस्थान गुण्ड़ा नियंत्रण अधिनियम, 1975''**

**उपस्थिति:**

1. सहायक लोक अभियोजक
2. गैरसायल हीराराम, पुलिस अभिरक्षा में
3. अधिवक्ता श्री हरिओम दत्ता, गैरसायल की ओर से

**-: निर्णय :-** **दिनांक 30 अक्टूम्बर, 2019**

(1) संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है। जिला पुलिस अधीक्षक, सिरोही द्वारा गैरसायल हीराराम पुत्र गेनाराम, जाति- मेघवाल, निवासी- दक्षिण मेघवाल वास, सिरोही, पुलिस थाना सिरोही, जिला- सिरोही के विरुद्ध यह इस्तगासा राजस्थान गुण्ड़ा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा- 3 के तहत प्रस्तुत कर अनुरोध किया कि गैरसायल आले दर्जे का जुआरी एवं जुआं के अपराध करने का आदि है। जो आम लोगों को जुआं खेलने के लिये प्रेरित कर जुआं खिलाता रहता है। गैरसायल के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के बावजूद भी उक्त अपराध पर रोक नही लग पाई है। गैरसासयल का जुआ खेलने व खिलाने से आम लोगों व बच्चों पर दुष्प्रभाव की शिकायत समय समय पर मिलती रहती है, लेकिन गैरसायल के विरुद्ध साक्ष्य देने हेतु लोग तैयार नही होते है। गैरसायल के विरुद्ध पुलिस थाना सिरोही में राजस्थान पब्लिक गैम्बलिंग अध्यादेश 1949 की धारा 13 के तहत 4 प्रकरण दर्ज हुये है तथा इन प्रकरणों में गैरसालय के विरुद्ध संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये गये जिनमें संबंधित न्यायालय द्वारा गैरसायल को दोष सिद्ध ठहराते हुए सजा/जुर्माने से दण्डित किया है। गैरसायल से आम जनता में भय व्याप्त है व लोग गैरसायल के भय से पुलिस को सूचना देने से कतराते है। अत: गैरसायल को गुण्डा घोषित किया जाकर जिले से निष्कासित किया जावे।

(2) प्रस्तुत इस्तगासे पर गैरसायल के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया जाकर गैरसायल को नोटिस जारी किया गया एवं नोटिस के साथ गैरसायल पर लगाये गये आरोपों की प्रति भी तामिल करवाई गई, लेकिन नोटिस तामिल होने के बावजूद भी गैरसायल इस न्यायालय में उपस्थित नही हुआ। जिस पर गैरसायल के विरुद्ध गिरफतारी वारन्ट जारी कर थानाधिकारी, पुलिस थाना सिरोही को तामिल करवाने हेतु भिजवाया गया। जिस पर

.....पेज दो पर

न्यायालय अति० जिला मजिस्ट्रेट सिरोही (राज०)

अति. जिला मजिस्ट्रेट
सिरोही-307001.

गैरसायल को पुलिस थाना, सिरोही द्वारा गिरफतार कर पुलिस अभिरक्षा में आज दिनांक 30.10.2019 को हमारे समक्ष प्रस्तुत किया गया। गैरसायल की ओर से अधिवक्ता श्री हरिओम दत्ता उपस्थित हुये। गैरसायल ने लोक अदालत की भावना से प्रेरित होकर आरोप स्वीकारोक्ति का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रकरण का निस्तारण करने का अनुरोध किया।

(3) प्रकरण में गैरसायल द्वारा आरोप स्वीकारोक्ति का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर सहायक लोक अभियोजक एवं गैरसायल के अधिवक्ता की बहस सुनी गई। सहायक लोक अभियोजक ने बहस के दौरान इस्तगासें में अंकित तथ्यों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए यह व्यक्त किया कि गैरसायल के विरुद्ध राजस्थान पब्लिक गैम्बलिंग अध्यादेश 1949 की धारा 13 के तहत पुलिस थाना सिरोही में 4 प्रकरण दर्ज हुये जिनमें गैरसायल के विरुद्ध संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये एवं इन सभी प्रकरणों में संबंधित न्यायालय द्वारा गैरसायल को दोष सिद्ध ठहराते हुए सजा/जुर्माने से दण्डित किया गया है। गैरसायल आले दर्जे का जुआरी है तथा जुआं संबंधी अपराधों में लिप्त है। इसकी ऐसी आपराधिक गतिविधियों के कारण क्षेत्र में कई गरीब परिवार अपनी जमा पूंजी जुऐं में गवा चुके है। गैरसायल के ऐसे आपराधिक कृत्यों से आम जन में भय व्याप्त है तथा लोग इसके विरुद्ध साक्ष्य देने से कतराते है, इसलिये गैरसायल की इन आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु गैरसायल को जिला सिरोही से छः माह की अवधि के लिये निष्कासित किया जावे। जबकि गैरसायल के अधिवक्ता ने यह व्यक्त किया कि गैरसायल ने उक्त सभी प्रकरणों में ट्रायल से बचने के लिये संबंधित न्यायालय में लोक अदालत की भावना से जुर्म स्वीकार किया है। गैरसायल के विरुद्ध कोई गंभीर अपराध या शांति भंग बाबत कोई मुकदमा दर्ज नही है। गैरसायल वर्तमान में मजदूरी करके शांति पूर्वक जीवनयापन कर रहा है, गैरसायल वर्तमान में किसी भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त नही है। गैरसायल से आमजन में भय व्याप्त नही है, इसलिये प्रस्तुत कार्यवाही बन्द की जावे।

(4) प्रकरण में सुनी गई बहस पर मनन किया गया एवं न्यायालय पत्रावली तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का गंभीरतापूर्वक अध्ययन व अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक, सिरोही की रिपोर्ट अनुसार गैरसायल हीराराम पुत्र गेनाराम, ज़ाति- मेघवाल, निवासी- दक्षिण मेघवाल वास, सिरोही, पुलिस थाना सिरोही, जिला- सिरोही के विरुद्ध पुलिस थाना, सिरोही में राजस्थानं पब्लिक गैम्बलिंग अध्यादेश 1949 की धारा 13 के तहत अपराध संख्या 262/06, 152/05.8.2017, 238/08.12.2017 व 31/09.2.2018 को दर्ज हुये। पुलिस अधीक्षक, सिरोही की रिपोर्ट अनुसार गैरसालय के विरुद्ध दर्ज उक्त सभी प्रकरणों में बाद तफतीश गैरसायल के विरुद्ध संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये गये है, जिनमें गैरसायल को संबंधित न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध ठहराया गया है। जिनमें से अपराध संख्या: 238/08.12.2017 व 31/09.2.2018 की प्रथम सूचना रिपोर्ट व आरोप पत्रों की प्रतियां न्यायालय पत्रावली पर उपलब्ध है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों के अवलोकन से यह भी पाया गया कि उक्त अपराध संख्या: 238/08.12.2017 व 31/09.2.2018 में संबंधित न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक क्रमशः 18.12.2017 व 12.3.2018 के अनुसार गैरसायल को दोष सिद्ध ठहराया गया

.....पेज तीन पर

न्यायालय अति० जिला मजिस्ट्रेट सिरोही (राज०)

अति. जिला मजिस्ट्रेट
सिरोही-307001.

है। इससे, यह स्पष्ट है कि गैरसायल राजस्थान गुण्ड़ा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 2(ख)(V) में वर्णित अपराध करने का दोषी है व गुण्ड़ा की श्रेणी में आता है। पुलिस अधीक्षक, सिरोही की रिपोर्ट एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि गैरसायल जुआं संबंधी अपराधों में लिप्त रहा है, लेकिन दिनांक 09.2.2018 के बाद गैरसायल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने बाबत कोई साक्ष्य न्यायालय पत्रावली पर उपलब्ध नही है।

अतः उपरोक्त सभी तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक, सिरोही द्वारा प्रस्तुत इस्तगासे को स्वीकार करते हुऐ गैरसायल हीराराम पुत्र गेनाराम, जाति- मेघवाल, निवासी- दक्षिण मेघवाल वास, सिरोही, पुलिस थाना सिरोही, जिला- सिरोही को राजस्थान गुण्ड़ा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा 3 के परिप्रेक्ष्य में 45 दिन की अवधि के लिये पुलिस थाना क्षेत्र, सिरोही से निष्कासित किया जाता है। इस निष्कासन अवधि में गैरसायल बिना पूर्व अनुमति के पुलिस थाना क्षेत्र, सिरोही की सीमा में प्रवेश नही करेगा, गैरसायल इस निष्कासन अवधि में एक सामान्य व अच्छे नागरिक की तरह जीवन यापन करेगा तथा किसी प्रकार के आपराधिक कृत्य नही करेगा। इसके अतिरिक्त, गैरसायल इस अवधि में किसी भी शैक्षणिक संस्था, धार्मिक स्थल, सिनेमाघर, सार्वजनिक पार्क आदि के आस-पास अपनी उपस्थित नही देगा। गैरसायल उक्त निर्देश/निबन्धन एवं शर्तो का सम्यक पालन करने की दृष्टि से उक्त अधिनियम की धारा 7(1) के तहत राशि रुपये 25,000/- (अक्षरे रुपये पच्चीस हजार मात्र) का स्वयं का बन्ध पत्र प्रस्तुत करेगा। निर्णय/आदेश सुनाया गया।

माफिक आदेश गैरसायल ने स्वयं का बन्ध पत्र प्रस्तुत किया जो बाद तस्दीक शामिल मिसल किया गया। आदेश दिये जाते है कि यदि गैरसायल की किसी अन्य मुकदमें में आवश्यकता नही हो तो पुलिस अभिरक्षा से रिहा किया जावे।

न्यायालय अति० जिला मजिस्ट्रेट सिरोही (राज०)

30.10.2019

(रिछपाल सिंह बुरड़क)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,
सिरोही

Signature Not Verified
Digitally signed by Richpal Singh Burdak
Date: 2019.11.08 12:42:35 IST
Reason: SelfAttested
Location: